# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या की घटना में वांछित 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद बास का मोटा डण्डा व 01 अदद यूकेलिप्टस का डण्डा व 01 अदद स्टील का पाईप बरामद।**

दिनांक 26.06.2026 को ग्राम बेलहरी में दो पक्षों द्वारा पुरानी रंजिश की बात को मार-पीट करने लगे जिससे जमाल अहमद पुत्र अकबर अली को सर पर चोट लग गया। उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थाना मोहाना पर मु0अ0सं0 -99/2026 धारा- 191(2)/110/115(2)/352/351(3)BNS में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना में घायल जमाल अहमद उपरोक्त इलज के बाद बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर से दिनांक 18.07.2026 को डिस्चार्ज होकर घर आ गया था। पुनः घायल जमाल अहमद उपरोक्त के स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनो द्वारा करीब दो सप्ताह पहले जिला चिकित्सालय सिद्धार्थनगर ले जाया गया था। जहाँ से दवा ईलाज हेतु हायर सेन्टर रेफर किया गया था। परिजनो द्वारा मजरूब जमाल अहमद उपरोक्त को डा0 राम मनोहर लोहिया हास्पिटल लखनऊ में दाखिल किया गया था। जहाँ पर दिनांक 28/29.08.2026 की रात्रि को डा0 राम मनोहर लोहिया हास्पिटल लखनऊ में इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर अभियोग उपरोक्त में धारा 105/190/191(3) BNS की बढोत्तरी की गयी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान (IPS) सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में अभियोग उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था गठित टीम द्वारा आज दिनांक 01.09.2026 को मुखबीर खास की सूचना मिली की मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण सड्डा तिराहे पर खड़ा होकर सवारी का इन्तजार कर रहे हैं और नेपाल भागने की फिराक में है उक्त सूचना पर गठित टीम द्वारा सड्डा तिराहे पर पहुंचकर 08 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1.जुबेर अहमद पुत्र रहमतुल्लाह
2.क्यूम अहमद पुत्र मकसूद अली
3.इमरान अहमद पुत्र महबुद अहमद उर्फ महबूब
4.कमरूद्दीन उर्फ रियाज पुत्र महबूब उर्फ महबुद
5.महबुद उर्फ महबूब पुत्र मोहम्मद हनीफ उर्फ मगर
6.सफीउल्लाह पुत्र सकूर
7.मोहम्मद आरिफ पुत्र सफीउल्लाह

8.हफीजुल्लाह उर्फ हाफू पुत्र सकूर
निवासीगण बर्डपुर नम्बर 05 टोला छोटकी बेलहरी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर ।

**आपराधिक इतिहास-**
**अभियुक्त सफीउल्लाह s/o सकूर**
मु0अ0सं0 C-47/2008 धारा -147, 323, 427, 452, 504,506 भा0द0वि0

**बरामदगी का विवरण-**
कब्जे से आलाकत्ल 01 अदद बास का मोटा डण्डा व 01 अदद यूकेलिप्टस का डण्डा व 01 अदद स्टील का पाईप बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**
1.श्री जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 जगतनरायन यादव चौकी प्रभारी शुद्धोधन थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर
3.उ0नि0 अवधेश कुमार, हे0का0 राजेश कुमार सिंह, हे0का0 कनिकलाल मल्ल, हे0का0 जयप्रकाश यादव, हे0का0 रामाज्ञा पासवान, का0 धनन्जय सिंह यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(II) महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम - कमहरिया में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र थाना पथरा बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम - कमहरिया में जाकर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति व बहू/बेटी कार्यक्रम के सम्बन्ध में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वीमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण--**

1.उ0नि0 मलखा प्रसाद
2.का0 सुदामा यादव
3.म0आ0 सोनी यादव

## प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा गुमशुदा महिला को तलाश कर परिजन को सुपुर्द किया गया।**

**◆परिजनों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई ।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम मे प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुभेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बॉसी के निर्देशन में बृजेश सिंह थानाध्यक्ष शिवनगर डिडई के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा आज दिनांक 01.09.2026 को आवेदक विजय कुमार पता तिलौली थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अपनी बेटी अंजलि अग्रहरी जो घर से बिना बताए कहीं चले जाने के संबंध में थाना स्थानीय पर सूचना दी इस सूचना पर थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला को तिलौली से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के साथ भेजा गया। परिजनों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि- भूरि प्रशंसा की गई।

**थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति केन्द्र टीम-**

1.उ0नि0छोटेलाल
2.म0का0 प्रतिमा दूबे
3.म0का0शालिनी वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा दहेज हत्या का आरोपी 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन मे एवं थानाध्यक्ष विजयशंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 01.09.2026 को थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/2026 धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वाछिंत 01 नफर अभियुक्त को आज दिनांक 01.09.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01- अरशद सलमानी पुत्र मोहम्मद इद्रीश सलमानी निवासी ग्राम रठैना टोला कस्बा भवानीगंज थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

2.का0 अजय यादव व का0 राघवेन्द्र तिवारी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा अपहरण के आरोपी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं के निर्देशन मे एवं विजयशंकर सिंह थानाध्यक्ष भवानीगं के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 01.09.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 102/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस से सम्बन्धित वाछिंत 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1.अंशु कुमार पुत्र स्व0 तुलसीराम निवासी ग्राम हज्जीडीह वरघाट रामनगर नगर पंचायत बढनीचाफा थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 राममिलन सिंह प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

2.हे0का0 सुरेन्द्र यादव व का0 सिद्धार्थ सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग की गई और ग्राम रमवापुर कली में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01/09/2026 को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग की गई और ग्राम रमवापुर कली में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन,
1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी |

**मिशन शक्ति टीम-**

1.उ0नि0 दीनदयाल सिंह
2.का0 मनीष वर्मा
3.म0आ0 ज्योति चतुर्वेदी

# प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना चिल्हिया की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चिल्हिया में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना चिल्हिया की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चिल्हिया में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया ।तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.हे0का0 राजन कुमार
2.का0 सुनील कुमार
3.म0का0 शिल्पा

**<u>प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**◆मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना चिल्हिया की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चिल्हिया में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 01/09/2026 थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के रघुवर प्रसाद सावित्रि देवी पब्लिक स्कूल करूवाअल खुर्द की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.हे0का0 संजय कुमार गुप्ता
2.का0 शिवपाल सिंह यादव
3.रि0म0का0 बबिता पासवान

## प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम धोबहा टोला चूड़ीहार में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व नारायनलाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष कठेला समायमाता के नेतृत्व में आज दिनांक 01/09/2026 को थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम धोबहा टोला चूड़ीहार की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व  सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(ii) अभियान व ऑपरेशन मजनू, नारी सुरक्षा, साइबर जागरूकता, बेटी बहू सम्मेलन के तहत थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राजकिय उद्धान पार्क में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति, सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध, साइबर जागरुकता के तहत पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाने क्षेत्र के राजकिय उद्धान पार्क में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.म0हे0का0 शीला

02.आरक्षी शुभम रावत

03.चाँदनी जायसवाल

# प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना चिल्हिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से आयुध अधिनियम के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹5,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत डॉ0अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 01.09.2026 को वाद सं0-1824/2005 मु0अ0सं0-374/2005 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना चिल्हिया में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अरुण कुमार चतुर्थ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त फुलचन्द पुत्र गौरी हरिजन निवासी देवी नगर थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 4/3 आयुध अधिनियम के तहत न्यायालय उठने तक की सजा व ₹5,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी सिकन्दर कुमार थाना चिल्हिया का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 01.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्री कृष्ण जन्माष्ठमी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 01.09.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्री कृष्ण जन्माष्ठमी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।